# परंपरागत तरीके से मनाया गया कोठी में दशहरा पर्व का उत्सव

## व्यापारी संघ ने किया आयोजन, नप, विद्युत, पुलिस प्रशासन का रहा पूरा सहयोग, क्षेत्रीय जनता ने बनाया ऐतिहासिक

नवभारत न्यूज

**कोठी 3 अक्टूबर, विगत कई वर्षों बाद इस वर्ष कोठी में दशहरा पर्व उत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं प्राचीन कालीन चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए परंपरागत तरीके से दशहरा उत्सव मनाया गया इसके लिए कोठी नगर परिषद के सीएमओ संजय सिंह ने बेहतर व्यवस्था बनाई एवं कोठी का पुलिस प्रशासन पूरी तत्परता के साथ पूरे नवदुर्गा उत्सव में बड़ी ही मुस्तैदी के साथ काम किया और क्षेत्रीय जनता ने इस हिंदू धार्मिक पर्व को ऐतिहासिक व यादगार बना दिया।**







हजारों की संख्या में कोठी सहित आसपास की क्षेत्रीय जनता इस वर्ष दशहरा पर्व उत्सव को देखने के लिए कोठी के दशहरा मैदान पर एकत्रित हुई थी। व्यापारी संघ कोठी के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समारोह पूर्वक आयोजन किया गया कोठी के गैवी चौराहे से श्री राम लक्ष्मण हनुमान की झांकी रथ में सवार कर कोठी व्यापारी संघ अध्यक्ष रामजी गुप्ता अपनी समस्त कार्यकारिणी की टीम एवं समस्त व्यापारियों के साथ कोठी के दशहरे मैदान पर एकत्रित हुए जहां पर राम रावण युद्ध का सजीव मंचन किया गया। इसके उपरांत चल समारोह शुरू हुआ, इसके पूर्व दशहरा मैदान को सजाया गया था जहां पर नगर परिषद कोठी ने व्यवस्थित तरीके से रंग मंच की व्यवस्था की थी जहां पर श्री राम लक्ष्मण हनुमान की पूजा अर्चना करने के उपरांत राम रावण युद्ध का सजीव मंचन किया गया जो काफी देर तक चला जिसका दृश्य देखकर क्षेत्रीय जनता मंत्रमुग्ध हो गई एवं जय श्री राम तथा जय लंकेश के नारे से परिसर को गुंजायमान कर दिया तदुपरांत रावण मारा गया तथा रावण के पुतले का दहन किया गया सभी ने राम लक्ष्मण एवं हनुमान की पूजा अर्चना की व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और फिर चल समारोह शुरू हुआ सर्वप्रथम श्री राम लक्ष्मण हनुमान की झांकी रथ में सवार होकर आगे आगे चली वह उनके साथ व्यापारी संघ कोठी की टीम मौजूद रही एवं पीछे कोठी नगर परिषद में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाएं व उनकी समितियां रही जो कोठी बस स्टैंड से होते हुए बाजार का भ्रमण करते हुए आगे गंतव्य हुई ढोल नगाड़े डीजे एवं गाजे बाजे के साथ भव्य आकर्षक झांकियां बड़े ही श्रद्धा भक्ति भावपूर्वक चल समारोह में निकाली गई चौक बाजार कोठी में व्यापारी संघ ने मंचीय कार्यक्रम किया गया जहां पर श्री राम लक्ष्मण जानकी की पूजा अर्चना करते हुए सभी चल समारोह में शामिल झांकियां को श्री राम दरबार का चित्र स्मृति स्वरूप भेंट किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कुंवर अभय सिंह रोली भैया, नगर परिषद की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर, पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम, नलिनेंद्र मिश्र डब्बू, राघवेंद्र सिंह, रामनरेश मिश्रा, विष्णु कांत मिश्रा, सीएमओ संजय सिंह, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामजी गुप्ता, उपाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, सचिव राजेश गुप्ता सदस्य तीरथ प्रसाद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सहेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष उमेश सिंह पप्पू, रामकुमार गुप्ता, राजेश नामदेव, सुनील गुप्ता, रवि गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, जय भान सिंह, प्रमोद गुप्ता, आशीष सोनी सहित व्यापारी संघ की कार्यकारिणी की समस्त टीम व समस्त व्यापारी बंधु नगर परिषद के पार्षद व कर्मचारी के साथ-साथ दुर्गा समितियां के सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। व्यापारी संघ ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किए वह सभी का आभार प्रदर्शित किया कोठी विद्युत विभाग के प्रभारी हेमराज सेन ने विद्युत की संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरूस्त करवा दी थी जिससे कि दशहरे पर्व पर लाइट की कोई समस्या ना आए और इस दौरान कोई व्यवधान भी उत्पन्न नहीं हुआ इसके लिए भी व्यापारी संघ द्वारा उनकी टीम को पुरस्कृत किया गया।

**नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन का बेहतर संयोजन** -इस वर्ष कोठी नगर में नवदुर्गा उत्सव एवं दशहरे पर्व के दौरान नगर परिषद कोठी एवं कोठी पुलिस का बेहतर संयोजन देखने को मिला है एक ओर जहां नगर परिषद कोठी के सीएमओ संजय सिंह ने दशहरे पर्व से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह से दुरुस्त कर दी थी चाहे वह दशहरे मैदान पर लाइट, टेंट, माइक व मंच सहित अन्य संसाधनों की हो चाहे चल समारोह एवं मूर्ति विसर्जन स्थल के लिए हो सभी जगह एकदम बड़ी फुर्ती के साथ बेहतर व्यवस्थाएं बनाई गई थी जिसके लिए क्षेत्रीय जनता ने उनका विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया है वहीं दूसरी ओर कोठी पुलिस प्रशासन भी पूरे पर्व के दौरान पूरी मुस्तैदी के साथ काम किया इसके लिए कोठी थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेई अपने दल बल के साथ सभी दुर्गा प्रतिमाओं पर जा जाकर सूचना देकर सभी झांकियां को दशहरे मैदान पर एकत्रित होने के लिए कहा था और पूरी ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल किया था सभी जगह रास्ते में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया था एवं स्टॉपर लगाए गए थे तथा सभी प्वाइंटों पर पुलिस तैनात थी इसके साथ-साथ दशहरे मैदान में भी स्वयं थाना प्रभारी ने मोर्चा संभाल रखा था साथ ही पूरे चल समारोह के दौरान अपने दल बल के साथ पैदल ही मार्च कर रहे थे जिससे त्यौहार में कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ और सभी लोगों ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की हालांकि कुछ दुर्गा प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल नहीं हुई जिस उत्साह में कमी नजर आई और लोगों ने भी कहा कि यह अच्छा नहीं है चल समारोह में सभी मूर्तियों को शामिल होना चाहिए क्योंकि इसके लिए शांति समिति की बैठक में भी निर्णय लिया गया था। दूसरे दिन मूर्ति विसर्जन के लिए भी नगर में अलग-अलग प्रतिमाएं निकाली गई, जिससे प्रशासन को भी परेशान होना पड़ा हालांकि इस दौरान बारिश ने भी जमकर खलल डाला।

### पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम ने कायम की मिसाल

कोठी नगर के एकमात्र मुस्लिम पार्षद समाजसेवी हाजी मोहम्मद इकराम ने हिंदुओं के इस धार्मिक पर्व पर मिसाल कायम की है उन्होंने दशहरा मैदान पर एकत्रित सभी झांकियों को एक 1000 की नगद राशि प्रदान की साथ ही अन्य आयोजकों को भी पुरस्करित किया श्री राम लक्ष्मण हनुमान तथा रावण का अभिनय करने वाले कलाकारों को भी उन्होंने नगद राशि पुरस्कार के स्वरूप प्रदान की जिसकी उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों ने जमकर प्रशंसा की और उनको धन्यवाद ज्ञापित किया कि आप हमारे इस धार्मिक पर्व में शामिल होकर नगर में आपसी प्रेम एवं सौहार्द तथा हिंदू मुस्लिम एकता कायम होने की मिसाल पेश की है।

### जगह - जगह आयोजित हुए भंडारे

नवरात्रि एवं दशहरे पर्व को लेकर कोठी सहित आसपास के क्षेत्र में जगह-जगह दिव्य भंडारे आयोजित किए गए जहां पर कई हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया नवरात्रि पर ऊपर जहां दुर्गा प्रतिमाओं पर कन्या भोजन के साथ भंडारे की आयोजन लगातार हो ही रहे थे वहीं अन्य धार्मिक स्थलों व नगर में समाजसेवियों के द्वारा तरह-तरह के व्यंजन पकवान दशहरे पर्व के दौरान वितरित किए गए, मां जोगनी मंदिर तथा बस स्टैंड परिसर कोठी, कोठी अस्पताल चौराहे पर, चौक बाजार कोठी, किला रोड कोठी के साथ-साथ कोठी देवीगंज एवं बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर कई हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया जो देर रात तक चलता रहा इस दौरान इसका दृश्य देखते ही बनता था।

### दिदौंध में महा आरती के साथ भंडारा

दिदौंध के महावीरन टोला में दुर्गा नवमी को महा आरती का आयोजन किया गया एवं दशहरे पर्व को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया गांव एवं मोहल्ले के संपूर्ण भक्त जिसमें माता बहने महिला पुरुष सभी ने आरती थाल सजाकर माता की प्रतिमा पर रात्रि कालीन बाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ महा आरती का आयोजन किया तथा दूसरे दिन प्रतिमा स्थल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया महिला भक्त मंडली की टीम का कार्यक्रम में विशेष रूप से योगदान रहा महारथी के कार्यक्रम में गांव सहित दूर दराज से भी क्षेत्रीय लोग काफी संख्या में पहुंचे प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन किया गया था यहां की महाआरती आसपास के क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है जहां पर काफी संख्या में लोग पहुंचते है.

### दशहरे पर्व पर कोठी में हुआ रावण पूजन

मध्य प्रदेश के सतना जिले के कोठी कस्बे में दशहरे पर्व के दिन रावण की पूजा विगत कई वर्षों पूर्व से होती चली आ रही है इस वर्ष भी कोठी के रमेश मिश्रा द्वारा पूरे विधि विधान से रावण की पूजा की गई वह अपने निवास से गाजे बाजे के साथ अपने दल बल को एकत्रित कर कोठी हनुमान मंदिर से चलकर कोठी थाना परिसर पर स्थित रावण की प्रतिमा पर पहुंचे जहां पर वह विधि विधान के साथ रावण की पूजा व आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया उन्होंने कहा कि रावण के सिर्फ एक गलती की वजह से उसने अपने पूरे परिवार को समर्पित कर दिया जबकि वह महा ज्ञानी महा पंडित महा बलशाली व त्रिलोक विजेता था और वह भी अपने बहन को दिए हुए वचन को पूर्ण करने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया जिस प्रकार से प्रभु श्री राम जी ने अपने माता-पिता के वचनों को पूर्ण करने के लिए वनवास चले गए उसी प्रकार से रावण अपने बहन को दिए गए वचन को पूर्ण करने के लिए अपना तथा अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया इसके बाद ही श्री राम महाप्रभु श्री राम कहलाए।

# दशहरा चल समारोह में शामिल हुई एक दर्जन दुर्गा प्रतिमाएं

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 अक्टूबर, असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयदशमी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया गया।**



चल समारोह में एक दर्जन से ज्यादा दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यतेंद्र सिंह ने प्रभु श्री राम चंद्र जी की आरती एवं पूजन कर चल समारोह का शुभारंभ किया देर रात तक विसर्जन स्थल पर प्रतिमाओं के विसर्जन देवी भक्तों द्वारा किया गया जगह-जगह चल समारोह मैं शामिल श्री रामलीला समिति की झांकी का लोगों ने पूजन एवं स्वागत किया चल समारोह फुटबॉल ग्राउंड के सामने से आरंभ होकर मुख्य बाजार पुरानी कोतवाली मार्ग होते हुए विसर्जन स्थल बलाधार पहुंचा स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं प्रकाश पानी की समुचित व्यवस्था की गई थी दशहरा के दिन सुबह से ही भक्तों द्वारा प्रतिभाओं का विसर्जन शुरू कर दिया दिन भर अलग-अलग प्रतिभाओं को निकाल कर भक्तों ने देवी गीत भजनों की धुन में मगन दिखे मुरूम खदान में भी प्रतिभाओं को प्रवाहित किया गया श्री रामलीला में रावण वध का मंचन हुआ जिसमें क्षेत्रीय जनों की अपार भीड़ रही।

# देवराज नगर, रामनगर व बड़वार दशहरा समारोह में शामिल हुए सांसद गणेश सिंह

नवभारत न्यूज

**रामनगर 3 अक्टूबर,** मैहर जिले के रामलीला मैदान देवराज नगर, रामनगर सहित श्री हनुमान मंदिर रामलीला मैदान, बड़वार जिला मैहर में आयोजित दशहरा उत्सव में सांसद गणेश सिंह सतना, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, सांसद प्रतिनिधि कालिका प्रसाद पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामसुशील पटेल, धर्मेन्द्र सिंह देवरा सतेन्द शर्मा, गोरेलाल पटेल, आशुतोष गुप्ता, दिनेश शुक्ला, भीम सोनी, रामनरेश पटेल, महेन्द कुशवाहा, मोहन गुप्ता, अशोक गुप्ता आदि समाजसेवी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधी सम्मिलित होकर धर्म, सत्य और न्याय की इस महान परंपरा का साक्षी बना। इस अवसर पर रामलीला मंचन का अवलोकन किया और कलाकारों का पूजन कर उनका उत्साहवर्धन किया। रावण दहन के इस पावन क्षण ने पुनः स्मरण कराया कि असत्य, अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है तथा सदैव सत्य और धर्म की विजय होती है। दशहरा उत्सव समाज को एकजुट कर सदाचार, सद्भावना और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है।



# नाली साफ कर विधायक गहरवार ने दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**जैतवारा 3 अक्टूबर, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान 2025 के अंतर्गत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर सुरेंद्र सिंह गहरवार विधायक चित्रकूट द्वारा वार्ड नं. 1 अमिलपुर में नालियों की साफ सफाई कराई गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया विधायक जी द्वारा स्वयं नालियों के उतरकर नाली के सफाई की गई।**




इस अवसर पर नगर परिषद जैतवारा की अध्यक्ष श्रीमती रेनू देवी डोहर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पंजाब सिंह, उपयंत्री आनंद त्रिपाठी, पार्षद चंद्रभूषण तिवारी, पार्षद राजीव विश्वकर्मा, जैतवारा मंडल के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश मिश्रा, नगर परिषद जैतवारा के स्वच्छता नोडल अधिकारी लवलेश शर्मा, कर्मचारी शैलेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, जितेंद्र शुक्ला, रविराज सिंह, प्रभात मिश्रा, लालजी विश्वकर्मा, पीयूष त्रिपाठी व समस्त नगर परिषद जैतवारा स्टॉफ उपस्थित रहे.

# शिक्षकों ने लाल रवि प्रताप सिंह को श्रद्धांजलि दी

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 अक्टूबर, आज दिनांक 3 अक्टूबर 2025 को विन्ध्य क्षत्रिय युवा महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अरुणेंद्र प्रताप सिंह के पिताजी स्व लाल रवि प्रताप सिंह के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने नागौद क्षेत्र के शिक्षक समुदाय गृह ग्राम ब्यौहारी पहुंचे।**



स्व रवि प्रताप सिंह जो एक कुशल व अनुशासित शिक्षक, रामायण व भजन के मर्मज्ञ गायक, आध्यात्मिक अभिरुचि व धार्मिक विचारधारा के विराट पोषक के रूप में जीवन पर्यंत याद किए जाएंगे। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले प्रमुख रूप से शिक्षक किशोरी लाल शुक्ला, सत्येंद्र प्रताप सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुआ के प्राचार्य रमेश प्रसाद दहायत, चंद्रकांत द्विवेदी, पंकज जासू, राघवेंद्र सिंह, राकेश प्रताप सिंह, लालेन्द्र बागरी, जागेंद्र प्रताप सिंह, नफीस अहमद, राजकुमार बागरी, इश्तियाक अहमद, शिवकांत पाठक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वसुधा के प्राचार्य विमलेन्द्र प्रताप सिंह बिम्मू व बड़ी संख्या में शिक्षक समुदाय ने अपने अग्रज को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

# ग्राम गुलुवा में धूमधाम से हुआ रावण दहन, मेले में उमड़ी भीड़



नवभारत न्यूज

**कोठी 3 अक्टूबर, विजयदशमी के पर्व पर ग्राम पंचायत गुलुवा में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव में विशाल मेला भी लगा, जिसमें आसपास के कई गाँवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।**

मेले का मुख्य आकर्षण रावण दहन रहा, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ देर रात तक उमड़ी रही। जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हुई, पूरा वातावरण "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान कई जगहों से विराजमान दुर्गा माता की प्रतिमाएँ भी मेले में पहुंचीं, जिनका श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी लोगों का मन मोह लिया। विशेष रूप से काली नृत्य (नाची काली) का आयोजन हुआ, जिसने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और धार्मिक माहौल को और अधिक भव्य बना दिया। भीड़-भाड़ और उत्सव को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी से मौके पर मौजूद रहा।

### हिरौंदी में थाना प्रभारी ने की सावधानी से मूर्ति विसर्जन की अपील



**हिरौंदी,** मझगवां थाना के थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने हिरौंदी के ग्राम वासियों को, सभी नवरात्रि भक्तगणों को दशहरे में शुभकामनाएं देते हुए नियमों का उल्लंघन ना करते हुए मूर्ति विसर्जन करने के लिए ग्राम वासियों को आवाहन किया। जिसमें थाना के प्रधान आरक्षक धीरेन्द्र शुक्ल, आरक्षक दिनेश परस्ते, सैनिक देवराज सिंह, आरक्षक राहुल द्विवेदी, राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के संभाग अध्यक्ष रवि गुप्ता, गॉडवाना यूनियन अध्यक्ष चमन सिंह परस्ते, चौकीदार लल्लू दहिया और पुलिस बल के साथ दशहरा निकाला गया वा बड़े ही सावधानीपूर्वक दुर्गा माता की मूर्ति का विसर्जन करवाया गया।जिसमे हिरौंदी गांव के भक्तगण हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से दशहरे में सम्मिलित होकर माता जी मूर्तियां फूटहटोला के तालाब में विसर्जन किया।



# सत्य, अहिंसा और राष्ट्र को परम वैभव की दिशा में ले जाने के लिए संकल्प ले : प्रो भरत मिश्रा

▶ ग्रामोदय परिवार ने राष्ट्रपिता बापू एवं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 3 अक्टूबर। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के गांधी उद्यान में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर उन्हें ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार द्वारा हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज ही अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। आज ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। आज ही वनवासी राम ने लंका पति रावण का वध किया था। आज ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। इस दुर्लभ संयोग पर सत्य, अहिंसा और राष्ट्र को परम वैभव की दिशा में ले जाने के लिए प्रत्येक भारतवासी को संकल्प लेना चाहिए. कार्यक्रम का प्रारंभ ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शाश्वत प्रेरणाश्रोत राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा के नेतृत्व में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं द्वारा माल्यार्पण, पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। इस मौके पर आयोजित व्याख्यान में लोगों ने विचार व्यक्त किया। बापू के प्रिय भजन भी प्रस्तुत किए गए। संचालन और आभार डॉ ललित कुमार सिंह ने प्रकट किया। उल्लेखनीय है महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम एक सफल और यादगार कार्यक्रम रहा, जिसने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और दर्शन को समझने में मदद की।

# नानाजी देशमुख की 109वीं जयंती पर 6-7 को होगा 5 वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 अक्टूबर, संयुक्त राष्ट्र के धारणीय विकास के लक्ष्यों को पाने के लिए चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा 6 एवं 7 अक्टूबर को 'सर्वोदय से अभ्युदय' (सभी के उत्थान से सभी के उत्कर्ष तक) के लिए एस.डी.जी. की भूमिका पर चर्चा के लिए पांचवा अंतर्राष्ट्रीय सतत् विकास के लक्ष्य (एसडीजी) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।**




पांचवे अंतराष्ट्रीय सम्मेल का शुभारंभ 6 अक्टूबर को मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, राजस्थान के पीएचई मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी, मध्यप्रदेश की नगरीय विकास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना श्री गणेश सिंह, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं एमएलसी डॉ संजय पासवान, एमएलए सुश्री ऊषा ठाकुर, महापौर सतना श्री योगेश ताम्रकार, महापौर इन्दौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, श्री संदीप दीक्षित तथा संयुक्त राष्ट्र के रेजीडेंट कॉर्डीनेटर श्री शोम्बी शार्प, फ्रांस से सुश्री बेनेडिक्ट डे ला ब्रिएरे, प्रमुख अर्थशास्त्री, सामाजिक संरक्षण और श्रम, विश्व बैंक के आतिथ्य में दीनदयाल परिसर में किया जाएगा। यह सम्मेलन एसडीजी एक्शन लैब के तत्वावधान में जन अभियान परिषद, मध्य प्रदेश के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष और सेमिनार के संयोजक श्री वसंत पंडित ने बताया कि डीआरआई का उद्देश्य चित्रकूट को एक वैश्विक सभा "एसडीजी का दावोस" बनाना है जिसमें एसडीजी सम्मेलन एक वार्षिक कार्यक्रम होगा। इस प्रयास में यह पांचवा सम्मेलन स्थानीय से वैश्विक संपर्क बनाने और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में प्रगति को गति देने के प्रयास को जारी रखेगा। श्री पंडित ने बताया कि चित्रकूट में हो रहे इस अंतराष्टीय सम्मेलन की खासियत यह रहेगी कि इस तरह का यह पहला मंच होगा जिसमें यूएन के सतत् विकास के अनुकरणीय, मापनीय, धारणीय नमूनों पर एक साथ हितग्राहियों, सामुदायिक संगठनों, सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों सहित विभिन्न देशों में इन लक्ष्यों पर काम कर रहे अनुभवी विशेषज्ञों के बीच विचार-विनिमय होगा.

### जियो पार्क स्थापना को लेकर विशेषज्ञों की टीम ने स्थानीय लोगों के साथ की बैठक

**चित्रकूट 3 अक्टूबर,** यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क विशेषज्ञ डॉ. अली रेजा अमरी काजमी के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण के लिए जनपद के दौरे पर आए विशेषज्ञों के दल ने बुधवार को स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की। जिसमें विशेषज्ञों ने स्थानीय लोगो ने जियो पार्क के फायदों से लेकर संरक्षण की चुनौतियों तक हर पहलू पर चर्चा की। स्थलीय निरीक्षण के लिए जनपद दौरें में आए विशेषज्ञों के दल में शामिल पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जनरल जीएसआई डॉ. सतीश त्रिपाठी, मध्य प्रदेश पर्यटन के संयुक्त निदेशक प्रशांत सिंह बघेल, पर्यावरणविद् और जियोपार्क समन्वयक डॉ. अश्वनी अवस्थी और डीएसएन कॉलेज उन्नाव के प्रोफेसर डॉ. अनिल साहू ने यूनेस्को ग्लोबल जियो पार्क विशेषज्ञ डॉ. अली रेजा अमरी काजमी के नेतृत्व में पहले दो दिनों में चित्रकूट की कई महत्वपूर्ण जगहों का दौरा किया।

# चित्रकूट का ऐसा गांव है जहां होती है रावण की पूजा

अमर सिंह राठौर

**चित्रकूट 3 अक्टूबर जहां पूरे विश्व में रावण का पुतला दहन कर दशहरा पर्व मनाया जाता है वही चित्रकूट में एक गांव ऐसा है जहां रावण की पूजा की जाती है मान्यता के अनुसार आज के दिन ही प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया था वही परंपरा को आज भी सभी लोग मानते हैं और दशहरा के दिन विशाल रावण का दहन किया जाता है।**




चित्रकूट के रैपुरा गांव में रोड के किनारे रावण की लगभग ढाई सौ साल पुरानी प्रतिमा स्थापित है जिसको गांव के लोग पूजते हैं और उसकी पूजा अर्चना करते हैं.

गांव वालों का मानना है कि हम रावण की अच्छाइयों की पूजा करते हैंण् और रावण के गांव में स्थापित होने के बाद हमारे गांव में उसका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है और उन्हें की आशीर्वाद से आज हमारे गांव में कई आईएएस और पीसीएस जैसे हर एक घर में सरकारी नौकरी वाला व्यक्ति हैण् इस लिए हम लोग दशहरे के दिन रावण को जलाते नहीं है बल्कि उसकी पूजा अर्चना कर रामलीला के माध्यम से उसका वध करते हैं.

### इनका कहना है

एक अनोखा गांव जहां होता है रावणकी विदिशा का सम्मान रावणको पूजने के कारण अध्यापक **वीरेंद्र पांडे** का मानना है कि दशहरे से दिवाली तक प्रतिदिन रावण की मूर्ति के सामने दीप जलाया जाता है लोगोंका मानना है कि रावण गांव की रक्षाकरते हैं

**राजेश कुमार पटेल** का कहना है कि रावण की पूजा हम इसलिए करते हैं कि उनकी कृपा से गांव में सुख संबंध और खुशी हाल बरकरार है

**योगेंद्र कहते**है कि रावणकी पूजा से शिक्षाका स्तर काफी बेहतरहूआ है हम ग्राम वासवासी रावण कीविधाता का सम्मान करते हैं इसीलिए हम सब गांव ग्राम वासी रावण की विधाताकीपुजा करते और उनका पुतला दहन नहीं किया जाता